एक फोन पर दिव्यांगों के लिए पहुंचेगी मोबाइल वैन

सम्मलेन 108 की तर्ज पर दी गई सौगात, खिले दिव्यांगों के चेहरे

भास्कर न्यूज, मंडला|

दिव्यांगो का ख्याल रखने के लिए निःशुल्क वैन सेवा शुरू की गई। ग्रामीण क्षेत्रों से बस या टैक्सी से पहुंचने वाले दिवयांग एक फोन डायल कर इस सेवा का ले सकेंगे। बता दे कि हर रोज जिले के दूरदराज क्षेत्रो से अपने काम को लेकर दिव्यांग पहुंचते है। बस या टैक्सी वाहन से आने पर अपने सहायक उपकरण घर में ही छोड़ कर आना पड़ता है। ऐसे दिव्यांगो को आने जाने में कठिनाईयो का सामना करना पड़ता है। इन दिव्यांगो की मदद कर निराशा भरे चेहरे में मुस्कान बिखेरने के लिए आंनद विभाग के अंतर्गत आंनदम वैन सेवा क्लब के अध्यक्ष रविन्द्र पटेल ने शुरू की है। असहायजनो को एक फोन पर यह वैन सुविध

निशुल्क सेवा प्रदान करेंगी। बताया गया कि नगर पालिका टाउन हॉल में दिव्यागों का सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें दिव्यांग मोबाइल वैन सेवा के कर्मचारी सुखचैन झारिया, जितेन्द्र मार्को, अध्यक्ष रवीन्द्र पटैल, कोषाध्यक्ष आशीष कुमार ठाकुर मौजूद रहे। सम्मेलन में दिव्यांग भाई, बहनों को दिव्यांग मोबाइल वैन सेवा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

इस सेवा का लाभ लेने के लिए प्रेरित भी किया। सम्मलेन में कुछ दिव्यांग मूखबधिर दिखे। सम्मेलन में ऐसे दिव्यांगों के लिए कार्यक्रम प्रमुख अनीता नंदा ने इस विषय पर प्रश्न रखा कि ऐसे में दिव्यांग सेवा के हेल्पलाइन नम्बर पर कैसे बात करेंगे। इस दौरान निर्णय लिया गया कि दिव्यांग मोबाइल वैन सेवा का एक व्हाटसअप नम्बर भी हो। जिससे जो बोलने में असमर्थ दिव्यांग भी इस सेवा का आसानी से लाभ ले सकेंगे। अध्यक्ष रवीन्द्र पटैल ने बताया कि आगामी 2 दिवस के अन्दर दिव्यांग मोबाइल वैन सेवा का एक व्हाटसअप नम्बर एवं मिस कॉल अलर्ट की सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। मिस कॉल अलर्ट की सुविधा में दिव्यांग भाई एवं बहिन के द्वारा सिर्फ हेल्पलाइन नम्बर 07642-254105 पर मिस्ड कॉल देने पर उनको दिव्यांग मोबाइल वैन सेवा के कॉल सेंटर के द्वारा वापिस कॉल करके दिव्यांग मोबाइल वैन का लाभ दिया जायेगा।

Scanned by CamScanner